The Commission is examining the plans and estimates for the building projects *viz.* Women's Hostel, Men's Hostel and guest house for according approval.

Advance increments to teachers re-appointed after retirement

1953. SHRI HARI SINGH : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to answer to Unstarred Question 1413 given in the Rajya Sabha on the 8th March, 1989 and state :

(a) whether in granting advance increments to Lecturers holding Ph.D. and M. Phill degrees, a distinction is made between Lecturers who are recruited afresh and Lecturers who are reappointed to that grade after retirement ;

(b) whether the latter who posses Ph. D. and M. Phill degrees are denied the benefits of advance increments at the time of re-appointment ;

(c) if so, what are the reasons therefor ; and

(d) what are the guidelines followed in fixing the pay of Lecturers when re-appointed after retirement for particular tenures ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI) : (a) to (c) Prior to the Scheme of revision of payscales which is effective from 1-1-86 M. Phil/Ph. D was prescribed as an essential qualification for appointment as Lecturer. For recruitments after 1-1-86 the minimum qualification for Lecturer is Master's degree in the relevant subject with at least 55% marks or its equivalent grade. However in encourage research in continuation of post-graduate studies, the scheme provides that candidates who at the time of recruitment possess Ph. D. or M. Phill qualification will be eligible for three and one advance increment respectively alongwith a benefit in years of service. Persons re-employed as Lecturers after attaining the age of superannuation do not come under this category.

(d) According to the University of Delhi the rules prescribed by the Central Government regarding fixation of pay of re-employed pensioners are also applicable to the re-employed teachers in the University.

दिल्ली में झुग्गी झोंपड़ी (जे०जे०) कालोनियों में मॉडल विद्यालयों का खोला जाना

1954. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में प्रत्येक राजकीय मॉडल विद्यालय में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्रों तथा अध्यापकों की अलग-अलग संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार दिल्ली की जे० जे० कालोनियों और गन्दी बस्तियों में नए मॉडल विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार इन मॉडल विद्यालयों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्रों तथा अध्यापकों को और अधिक संख्या में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहन देने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) विवरण संलग्न है । (नीचे देखिये) ।

(ख) जी, नहीं प्राथमिक कक्षाओं के लिए स्कूल खोलने की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों की है। तथापि, दिल्ली प्रशासन ने ऐसे 9 मॉडल स्कूल खोले हैं जिनमें उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं तक शिक्षा सुविधा सुलभ है। वित्तीय कठिनाइयों के कारण फिलहाल ऐसे और अधिक स्कूल खोलने का कोई प्रस्ताव दिल्ली प्रशासन के विचाराधीन नहीं है।

(ग) मॉडल स्कूलों में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए $7\frac{1}{2}$ प्रतिशत सीटों के आरक्षण का प्रावधान है। अध्यापकों के लिए आरक्षण के संबंध में भर्ती/पदोन्नति के समय पदों के आरक्षण का प्रावधान है जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत और $7\frac{1}{2}$ प्रतिशत है।

विवरण

स्कूल का नाम	अ० जा०/अ० ज० जा० के शिक्षकों की संख्या	अ०जा०/अ०ज० जा० के छात्रों की संख्या
1	2	3
1. गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकन्डरी स्कूल (महरोली) सह-शिक्षा	2	116
2. गवर्नमेंट बालक सीनियर सकन्डरी स्कूल, नं० 1, नजफगढ़	1	63
3. गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकन्डरी स्कूल, पश्चिम विहार	10	104
4. गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकन्डरी स्कूल (सह-शिक्षा), सरस्वती विहार	2	43
5. गवर्नमेंट मॉडल स्कूल नं० 1, लुडलो कैसल	4	74
6. गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकन्डरी स्कूल नं० 2, लुडलो कैसल	—	76
7. गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकन्डरी स्कूल, सिविल लाइन्स	5	105
8. गवर्नमेंट सह-शिक्षा सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, रिंग रोड, आई पी कालेज के पीछे	5	59
9. गवर्नमैंट मॉडल सह-शिक्षा सीनियर सैकन्डरी स्कूल, विवेक, विहार	2	94